# अखण्डानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र (ASSK)

जनजातीय अंचलों में शिक्षा, संस्कार एवं सशक्तीकरण का अभिनव अभियान

"शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला है।" इसी आदर्श को केन्द्र में रखकर रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, राँची द्वारा संचालित अखण्डानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र ( Akhandananda Shiksha & Sanskar Kendra - ASSK) विगत अनेक वर्षों से झारखण्ड के दूरस्थ जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा , संस्कार और सामाजिक जागरण का अलख जगा रहे हैं। वर्तमान में 51 केन्द्रों के माध्यम से 1663 (on 31.03.2026) ग्रामीण एवं जनजातीय बालक-बालिकाओं तक निःशुल्क शिक्षा , नैतिक प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व-विकास की सुविधाएँ पहुँचाई जा रही हैं।

इन केन्द्रों का संचालन ऐसे क्षेत्रों में किया जा रहा है जहाँ आज भी अनेक गाँव घने जंगलों , पहाड़ियों और प्राकृतिक दुर्गमता से घिरे हुए हैं। कई स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है , किन्तु इन परिस्थितियों के बीच भी शिक्षा की ज्योति निरन्तर प्रज्वलित है। केन्द्रों में बच्चों को नियमित अध्ययन के साथ-साथ अनुशासन , स्वच्छता, समयपालन, नैतिक मूल्यों, देशभक्ति तथा भारतीय संस्कृति के आदर्शों से परिचित कराया जाता है।

अखण्डानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्रों का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल प्रारम्भिक शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें उच्चतर अवसरों के लिए तैयार करना भी है। केन्द्रों में अध्ययनरत मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित आवासीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु विशेष मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष अनेक विद्यार्थी एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS), कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ( KGBV), जवाहर नवोदय विद्यालय ( JNV) तथा अन्य उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं। प्रसन्नता की बात है कि ऐसे विद्यार्थियों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है , जो इस परियोजना की प्रभावशीलता एवं गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इन केन्द्रों से शिक्षा प्राप्त कर अनेक छात्र-छात्राएँ आज उच्च शिक्षा , तकनीकी शिक्षा , सरकारी सेवाओं तथा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं। अनेक पूर्व विद्यार्थी अपने परिवार , समाज और क्षेत्र के लिए प्रेरणा-स्रोत बन चुके हैं तथा देश के विभिन्न भागों में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। उनकी उपलब्धियाँ इस बात का सजीव प्रमाण हैं कि उचित अवसर , मार्गदर्शन और संस्कार मिलने पर दूरस्थ जनजातीय अंचलों के बच्चे भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

आश्रम के संन्यासी एवं कार्यकर्ता प्रत्येक गुरुवार को विभिन्न केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन करते हैं। इस अवसर पर शिक्षक समीक्षा बैठकें आयोजित कर शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रगति तथा केन्द्रों की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की जाती है। शिक्षकों को समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की जाती है, जिससे केन्द्रों का संचालन अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बन सके।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्ष भर विविध शैक्षणिक , सांस्कृतिक एवं योग-संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, योग क्विज प्रतियोगिता , स्वदेश मंत्र प्रतियोगिता , भाषण प्रतियोगिता , एकल आसन प्रतियोगिता , समूह सूर्यनमस्कार तथा योग पिरामिड प्रदर्शन जैसी गतिविधियाँ बच्चों में बौद्धिक विकास , आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता , अनुशासन तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करती हैं।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण एवं जनजातीय समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ऑडियो-विजुअल माध्यमों द्वारा जागरूकता कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य , स्वच्छता, पोषण, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, बालिका शिक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर प्रभावी संदेश पहुँचाए जाते हैं। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग एवं उत्तरदायी बनने के लिए प्रेरित किया जाता है।

इस सम्पूर्ण सेवा-कार्य में मेंटर केन्द्रों ( Mentor Centres) की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। समाज के उदार एवं संवेदनशील व्यक्तियों , परिवारों तथा संस्थाओं द्वारा एक या एक से अधिक शिक्षा संस्कार केन्द्रों का संरक्षण एवं प्रायोजन किया जाता है। उनके सहयोग से शिक्षकों का मानदेय , अध्ययन सामग्री , विद्यार्थियों की आवश्यकताएँ तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित हो पाती हैं। यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है , बल्कि यह जनजातीय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में एक सक्रिय सहभागिता है। इस प्रकार मेंटर केन्द्र नगरों और दूरस्थ ग्रामों के मध्य सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त सेतु निर्मित कर रहे हैं।

आज अखण्डानन्द शिक्षा संस्कार केन्द्र केवल शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्र नहीं हैं , बल्कि वे जनजातीय समाज में आशा , आत्मविश्वास, संस्कार और नवजागरण के केन्द्र बन चुके हैं। श्रीरामकृष्ण, श्री श्री सारदा देवी एवं स्वामी विवेकानन्द के सेवा और मानव-कल्याण के आदर्शों से प्रेरित यह अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और संस्कार का प्रकाश पहुँचाने का सतत प्रयास है। आश्रम के संन्यासियों , कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, मेंटरों, दानदाताओं एवं स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से यह सेवा-यज्ञ निरन्तर आगे बढ़ रहा है और जनजातीय भारत के भविष्य को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

वास्तव में, अखण्डानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र केवल बच्चों को पढ़ा नहीं रहे हैं , बल्कि एक सशक्त, संस्कारित, आत्मविश्वासी और जागरूक भारत के निर्माण की आधारशिला रख रहे हैं।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, मोराबादी, राँची - 8

## अखंडानन्द शिक्षा एवं संस्कार केंद्र, 2025 - 2026

| क्र. सं | माह | कुल सेंटर | कुल छात्र | बालक | बालिका | जाति | | | कक्षा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | ST | SC | OBC/GEN | 0 से 2 | 3 से 5 | 6 से Uper | Tea. |
| 1 | अप्रैल | 49 | 1662 | 745 | 917 | 1276 | 67 | 319 | 532 | 605 | 525 | 79 |
| 2 | मई | 51 | 1698 | 761 | 937 | 1295 | 67 | 336 | 542 | 629 | 527 | 81 |
| 3 | जून | 52 | 1783 | 803 | 980 | 1311 | 67 | 405 | 558 | 659 | 566 | 83 |
| 4 | जुलाई | 51 | 1709 | 802 | 907 | 1294 | 9 | 406 | 526 | 631 | 552 | 79 |
| 5 | अगस्त | 51 | 1735 | 818 | 917 | 1322 | 9 | 404 | 533 | 646 | 556 | 80 |
| 6 | सितम्बर | 51 | 1746 | 824 | 922 | 1314 | 8 | 424 | 541 | 664 | 541 | 78 |
| 7 | अक्टूबर | 49 | 1646 | 783 | 863 | 1222 | 8 | 416 | 520 | 622 | 504 | 75 |
| 8 | नवम्बर | 50 | 1729 | 821 | 908 | 1300 | 2 | 427 | 561 | 625 | 543 | 75 |
| 9 | दिसम्बर | 49 | 1704 | 810 | 894 | 1275 | 2 | 427 | 546 | 615 | 543 | 74 |
| 10 | जनवरी | 51 | **1661** | **773** | **888** | **1278** | **2** | **381** | **560** | **617** | **484** | **78** |
| 11 | फरवरी | 51 | 1679 | 781 | 898 | 1296 | 2 | 381 | 572 | 617 | 490 | 77 |
| 12 | मार्च | 51 | **1663** | **772** | **891** | **1280** | **2** | **381** | **564** | **617** | **482** | **77** |
| | | **Total =** | **20415** | **9493** | **10922** | **15463** | **245** | **4707** | **6555** | **7547** | **6313** | **936** |

# रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, मोराबादी, राँची - 8

## अखंडानन्द शिक्षा एवं संस्कार केंद्र, माह - मार्च 2026

| क्र. सं | ASSK का नाम | प्रखण्ड | शिक्षक | मोबाइल नंबर | VSS प्रतिनिधि | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीताडीह | अनगड़ा | सचिन बेदिया | 6206829798 | बुधराम बेदिया | 87571 49160 |
| 2 | बीसा नया टोली | अनगड़ा | भीम बेदिया | 70914 99588 | कमल बेदिया | 70615 51356 |
| | | | कौशल्या चिक बड़ाईक | 82949 67218 | | |
| 3 | गुन्दली टोली | अनगड़ा | अमृत बेदिया | 92290 92232 | शिवचरण बेदिया | 62062 17658 |
| | | | रीता कुमारी | 78589 77902 | | |
| 4 | कुलवे | बुड़मू | रूपेन्द्र मुण्डा | 878 967 1630 | बीरबल मुण्डा | 91023 22918 |
| 5 | सारजमडीह | अनगड़ा | सुखलाल बेदिया | 93800 99585 | मनसू बेदिया | 98356 70676 |
| | | | लखीराम बेदिया | 62023 21640 | | |
| 6 | लमकाना | बेड़ो | कृष्णा उराँव | 82526 99758 | राजेश उराँव | 99738 39254 |
| | | | विकाश उराँव | 821 077 1869 | | |
| 7 | कुतुरलोवा | अनगड़ा | लक्ष्मी कुमारी | 85409 91688 | गणेश बेदिया | 9523696888 |
| | | | विनीता कुमारी | 9835047954 | | |
| 8 | नवागढ़ राजबांध | अनगड़ा | सुदेश बेदिया | 99050 96339 | दीपेन्द्र बेदिया | 62059 22405 |
| 9 | सरनाटोली | बेड़ो | शंकर गोप | 75490 29493 | शंकर गोप | 75490 29493 |
| 10 | डिमरा | अनगड़ा | मनोश्वरी कुमारी | 97982 69642 | सावना बेदिया | 93867 25983 |
| 11 | गेतलसुद | अनगड़ा | अरविन्द महतो | 870 974 5484 | लालो महतो | |
| 12 | करंजुवाटोली | बुड़मू | विजय प्रकाश बागे | 7462 852 812 | महावीर बेदिया | 75460 81603 |
| 13 | सोबा | बुड़मू | | | रामलाल महतो | 95467 57121 |
| 14 | खरकू टोली | बुड़मू | पिंकी देवी | 76675 12844 | राजेंद्र महतो | 91990 52938 |
| 15 | चापाटोली | बुड़मू | | | | |
| 16 | गेसवे | बुड़मू | कौशल्या देवी | 62022 82134 | मोती लाल महतो | 6299762525 |
| | | | उर्मिला देवी | 7488 478 809 | | |
| 17 | महादेव टोली | बुड़मू | रूपा कुमारी | 62003 98067 | सुरेश महतो | 96938 62205 |
| 18 | खखरा | बुड़मू | पूनम कुमारी | 62060 03281 | | |
| 19 | गुतरू | बुड़मू | अंशराज मुण्डा | 81020 27212 | काशीनाथ महतो | 96614 87687 |
| 20 | बदरी | अनगड़ा | ज्योति कुमारी | 97983 86071 | अकला कुम्हार | 6299 048 523 |
| | | | अम्बिका देवी | 62032 29033 | | |
| 21 | हेसलपीड़ी | बुड़मू | श्रेया कुमारी | 78702 84059 | फलिन्द्र महतो | 82923 88567 |
| | | | श्रवण कुमार | 7488482800 | दीपक महतो | 6299025405 |
| 22 | बरवाटोली | अनगड़ा | | | संतोष बेदिया | 62021 54381 |
| 23 | ओबर | अनगड़ा | बसंत बेदिया | 629926396 | श्याम सुन्दर बेदिया | 6299 247 935 |
| 24 | खक्सी टोली | अनगड़ा | प्रदीप बेदिया | 99059 85672 | दीपेन्द्र बेदिया | 62059 22405 |
| 25 | खभावन I | अनगड़ा | शिधेश्वर बेदिया | 870 939 5538 | सोहैराया बेदिया | 9304388137 & 7033747566 |

| क्र. सं | ASSK का नाम | प्रखण्ड | शिक्षक | मोबाइल नंबर | VSS प्रतिनिधि | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | कामता | अनगड़ा | पिंकी कुमारी | 93045 98304 | | |
| | | | विनती कुमारी | 95080 89242 | | |
| 27 | रामदगा | अनगड़ा | बसंत मुण्डा | 82941 57754 | शिवा मुण्डा | 91101 40890 |
| 28 | अरवाबेड़ा | अनगड़ा | गहनु बेदिया | 820 031 4120 | राजेंद्र बेदिया | 85210 63332 |
| 29 | तिरलाकोचा | अनगड़ा | सुरेश बेदिया | 870 958 4765 | नारायण बेदिया | 91627 09226 |
| 30 | बीसा टुंगरी टोली | अनगड़ा | | 62066 58126 | अशोक बेदिया | 62058 64040 |
| 31 | बीसा बेहरा टोली | अनगड़ा | | | सोहन बेदिया | 70615 53432 |
| 32 | मलघोगसा महुवाटोली | अनगड़ा | संजय भोगता | 7488 994 524 | राजकुमार बेदिया | 81024 71481 |
| 33 | हरातु | अनगड़ा | सुरेन्द्र बेदिया | 95080 92188 | राजकुमार बेदिया | 81024 71482 |
| 34 | मातकमडीह | अनगड़ा | लाल बेदिया | 95793 67668 | | |
| 35 | रेशम बनादाग | अनगड़ा | बिन्देश्वरी देवी | 62078 80396 | रेशम बनादाग | 62078 80396 |
| 36 | सुरसु | अनगड़ा | भिखम्बर बेदिया | 62071 54963 | राम टहल बेदिया | 84341 12100 |
| 37 | डोकाद | अनगड़ा | पवन लोहरा | 96935 72938 | दिलेश्वर | 98017 39853 |
| | | | कपिल लोहरा | 8210759941 | | |
| 38 | बांधटोली | अनगड़ा | | | संतोष बेदिया | 62030 36787 |
| 39 | बगदा | कांके | | | सोभनाथ महतो | 96081 10298 |
| 40 | भुइयाडीह | तमाड़ | खीरोध महतो | 84345 86416 | | |
| | | | दुर्गाचरण महतो | 6205760650 | | |
| 41 | डिबाडीह | सोनाहातु | | | | |
| 42 | भान्टबोड़ेया | बुड़मू | विक्की साहू | 84099 71511 | मोहन महतो | 7491 893 734 |
| 43 | लावागाड़ा | बुड़मू | मोतीलाल लोहरा | 821 053 0732 | अखलेश महतो | 93046 70623 |
| 44 | ओबर हाड़रा बेड़ा | अनगड़ा | अनार बेदिया | 91425 67680 | | |
| 45 | बड़की गोड़ांग | अनगड़ा | बासुदेव भोगता | 70613 46609 | जयराम भोगता | 96932 15573 |
| 46 | छोटकी गोड़ांग | अनगड़ा | तिरु बेदिया | 62011 73466 | कमल बेदिया | 70615 51356 |
| 47 | नवागढ़ मड़ई टोली | अनगड़ा | आरती कुमारी | 95082 10534 | विनय मुण्डा | 62009 66224 |
| 48 | भोगना बेड़ा | अनगड़ा | सुचिता कुमारी | 70611 92936 | धरम बेदिया | 93042 66108 |
| 49 | बुढा कोचा | अनगड़ा | | | सोनुवा बेदिया | 62041 44994 |
| 50 | खास बड़की गोड़ांग | अनगड़ा | | | जगदीश भोगता | 80021 42535 |
| 51 | झिक्की | लापुंग | सुरेश लोहरा | 91421 26156 | जोगिया | 93184 97603 |
| | | | रामायण भगत | 62073 42850 | | |